# हरियाणा विधान सभा

(21 फरवरी, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)

## तारांकित प्रश्न

## 21 फरवरी 2023

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### चिकित्सा महाविद्यालयों में स्वीकृत पद

*1 **चौ. आफताब अहमद (नूंह)ः**

क्या चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में सभी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में स्वीकृत पदों की कुल संख्या कितनी है तथा रिक्त पड़े पदों की जिलेवार कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि शहीद हसन खान मेवाती चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत चिकित्सकों तथा अन्य कर्मचारियों का विशेष मेवात भत्ता बंद कर दिया गया है; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; तथा

(ग) क्या उक्त भत्ते को आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार को विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

### औद्योगिक पार्क स्थापित करना

*2 **डॉ. अभय सिंह यादव ( नांगल चौधरी)ः**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या नारनौल के पास लॉजिस्टिक हब के साथ एक औद्योगिक पार्क स्थापित करना

उपयुक्त नहीं है ताकि इस योजना का, डब्लयु.डी.एफ.सी. के माध्यम से तीव्र रेलवे कनेक्टिविटी तथा तीन राष्ट्रीय राजमार्गों से कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकें ;

(ख) क्या उपरोक्त क्षेत्र में एक औद्योगिक पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) क्या उक्त उद्देश्य के लिए उपरोक्त क्षेत्र में जमीन खरीदने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

----

## घरों/प्लाटों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र

*3 **श्री असीम गोयल नन्योला (अंबाला शहर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नगर निगम अम्बाला शहर द्वारा घरों/प्लाटों की बिक्री तथा खरीद के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र समय पर जारी किए जा रहे हैं; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

----

## परिवार पहचान पत्र के लिए अनुचित सर्वेक्षण

*4 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि न केवल बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में अपितु पूरे राज्य में भी परिवार पहचान पत्र के लिए अनुचित सर्वेक्षण करवाने के कारण लाखों परिवार बी.पी.एल. राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा पैंशन आदि सरकारी योजनाओं से वंचित हो गए हैं;

(ख) यदि हां, तो उस ऐजेंसी का नाम क्या है जिसके द्वारा सर्वेक्षण करवाया गया था जिसमें उपरोक्त भाग 'क' में वर्णित उक्त योजनाओं से पात्र/योग्य परिवार वंचित हो गए;

(ग) क्या उक्त ऐजेंसी द्वारा जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण उचित ढंग से किया गया है अथवा नहीं; तथा

(घ) क्या इस संबंध सरकार ने कोई संज्ञान लिया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## कॉलोनियां को नियमित करना

*5 **श्री ईश्वर सिंह (गुहला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि गुहला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में चीका नगर निकाय समिति के अन्तर्गत पड़ने वाले ईश्वर नगर, वार्ड न. 2 का टील्ला प्लाट, वार्ड न. 10 का अम्बेडकर नगर, वार्ड न 8 एवं 9, की संजय कॉलोनी, वार्ड न. 1 की बेगा बस्ती, वार्ड न 6 की धानक बस्ती तथा अन्य कॉलोनियां जो कि लम्बे समय से बसी हुई हैं, नियमित नहीं हैं; तथा

(ख) क्या उपरोक्त कॉलोनियों को नियमित करने तथा वहां बसे हुए लोगों को मालिकाना हक देने का कोई प्रावधान सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विकास कार्यों को पूरा करना

*6 **श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि दिनांक 17.05.2021 को एच.आर.डी.एफ. मुख्यमंत्री घोषणा योजना कोड 25284 के अंतर्गत बड़ौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के विकास कार्यों के लिए रुपये 2,79,91,000 की राशि जारी की गई थी तथा उन कार्यों की संख्या कितनी है जो उक्त घोषणा से पूरे हुए हैं तथा उन कार्यों की संख्या कितनी है जो लंबित हैं; तथा

(ख) इन कार्यों के अब तक पूरा न किए जाने के कारण क्या हैं तथा उक्त कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका पूरा ब्यौरा क्या है ?

----

## कार्य की गुणवत्ता की जांच के लिए एक समिति का गठन करना

*7 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि मांधना से रायपुर रानी वाया टिक्करताल तक रिटेनिंग वाल तथा सड़क का निर्माण सरकार द्वारा निर्देशों के अनुसार नहीं किया गया है तथा निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग की जा रही है; यदि हां, तो क्या उपरोक्त कार्य की गुणवत्ता जांच करने के लिए स्थानीय विधायक सहित एक समिति गठित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

----

## कौशल रोजगार निगम के अन्तर्गत रोजगार

*8 **श्री मेवा सिंह (लाडवा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः- राज्य में कौशल रोजगार निगम पोर्टल के गठन के बाद अब तक कितने युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## जी.बी.एस.एम. लिंक चैनल का विस्तार

***9 श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या सरकार ने कलुआना खरीफ चैनल के लिए वर्ष 2013 में वास्तविक अलाईनमेंट प्लान के अनुसार डबवाली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में जी.बी.एस.एम. लिंक चैनल 79217 अंतिम छोर से गांव चाक फरीदपुर तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है; तथा

(ख) उन गांवों की संख्या कितनी है जो कलुआना खरीफ चैनल के लिए बनाई गई वास्तविक योजना की तुलना में घग्गर के पानी द्वारा सिचिंत होने से वंचित रह जाएंगे ?

----

## सड़क का निर्माण करना

***10 श्री लीला राम (कैथल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या जिला कैथल में गांव क्योडक से गांव कठवाड़ वाया ग्योंग सड़क तक कैथल माईनर (रजबहा) की पटरी पर सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त पटरी पर कब तक उपरोक्त सड़क के निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

***11 श्री सुभाष सुधा (थानेसर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि

(क) क्या यह तथ्य है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करने के लिए सैक्टर-7, कुरुक्षेत्र में मकान न. 215-ए के सामने लगभग एक एकड़ भूमि खाली पड़ी है; तथा

(ख) क्या उक्त खाली पड़ी जमीन पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गई है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## पार्कों की स्थिति सुधारना

***12 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि

(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर के निम्न पार्कों की स्थिति बुरी अवस्था में है जिसके कारण इनमें आवारा पशु घूमते रहते हैं, शौचालय जर्जर हैं, सफाई नहीं है तथा पानी एकत्रित हो जाता है:-

1- राव मांगली राम पार्क ;

2- चौ. मातू राम पार्क ;

3- शहीदी पार्क ; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त पार्कों की स्थिति सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं ?

----

## एन.सी.सी. अकादमी का निर्माण कार्य पूरा करना

***13 श्री हरविंदर कल्याण ( घरौंडा):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि घरौंडा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र (करनाल) में एन.सी.सी. अकादमी का निर्माण कार्य उच्च शिक्षा विभाग के अनुरोध पर आरम्भ किया गया था;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि वर्तमान में निर्माण कार्य नही चल रहा है; तथा

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा उपरोक्त एन.सी.सी. अकादमी के निर्माण कार्य के कब तक पुनः आरम्भ/पूरा किए जाने की संभावना है ?

----

## मनरेगा योजना के अंतर्गत बजट की सीमा

***14 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) वर्ष 20.02.2021 से 30.11.2022 की अवधि के दौरान फिरोजपुर झिरका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में मनरेगा योजना के अंतर्गत सामग्री पर सरकार द्वारा कितना बजट खर्च किया गया तथा मजदूरों पर कितना बजट खर्च किया गया तथा उक्त योजना के अंतर्गत निर्मित किए गए रास्तों का ग्रामवार तथा स्थानवार ब्यौरा क्या है;

(ख) फिरोजपुर झिरका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में दिनांक 20.02.2021 से 30.11.2022 तक पी.आर.आई योजना, 14 वें वित्त आयोग, पंचायत निधि तथा सरचार्ज वैट (एच.आर.डी.एफ.) के अंतर्गत कुल कितनी ग्रांट प्राप्त हुई है;

(ग) पी.आर.आई. योजना, 14 वें वित्त आयोग, पंचायत निधि तथा सरचार्ज वैट (एच.आर.डी.एफ.) के अंतर्गत कुल कितनी निधियां उपयोग की गई तथा स्टॉक रजिस्टर, मेजरमैंट बुक, बिलज़, वाउचर तथा मस्ट्ररोल सहित सभी कार्यों की फोटो का ब्यौरा क्या है;

(घ) दिनांक 20.02.2021 से 31.12.2022 तक की अवधि के दौरान फिरोजपुर झिरका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सरकार द्वारा उपलब्ध ड्राईंग के अनुसार पशु शैडों के निर्माण के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत कितनी ग्रांट प्राप्त हुई है तथा गांववार लाभानुभोगियों की संख्या कितनी है ?

----

## स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा करना

***15 श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) गांव बल्ला में स्टेडियम का निमार्ण कार्य पूरा न करने के क्या कारण हैं; तथा

(ख) गांव बल्ला में स्टेडियम के निर्माण पर कितनी आबंटित राशि खर्च की गई तथा उन कार्यों का ब्यौरा क्या है जिन पर उक्त राशि खर्च की गई है;

(ग) यदि खर्च नहीं की गई, तो उसके क्या कारण हैं; तथा

(घ) गांव बल्ला में स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## अनाधिकृत कॉलोनी को नियमित करना

***16 श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि 1996 के एस.एल.पी.(सी.) 11023 में पारित 21 मार्च 1997 को अपने आदेश में, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हरियाणा राज्य को अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए या न्यू पालम विहार कॉलोनी, गुरूग्राम को उक्त कानून के लागू होने से बाहर रखने के लिए कभी भी भविष्य में कानून बनाने पर रोक नहीं लगाई है ; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि हरियाणा नागरिक सुविधाओं और अवसरंचना की कमी वाले नगर पालिका क्षेत्र प्रबंधन (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2016 की धारा-4 किसी भी न्यायालय के किसी भी निर्णय, डिग्री या आदेश के लिए एक गैर-बाधित खंड के साथ आती है इसलिए 2016 अधिनियम के प्रावधानों का माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 21 मार्च 1997 के निर्णय पर अधिभावी प्रभाव है जिसके कारण न्यू पालम विहार कॉलोनी को स्वीकृत किया जा सकता है यदि वह 2016 अधिनियम की धारा-3 के तहत आवश्यक शर्तों को पूरा करती है ?

----

## गावों में सफाई कर्मचारियों को नियुक्त करना

*17 **श्री बलबीर सिंह (इसराना) :**
**श्रीमती नैना सिंह चौटाला(बाढड़ा ) :**

क्या विकास एव पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में वर्ष 2006-2007 में प्रत्येक गांव की जनसंख्या के आधार पर लगभग 11000 ग्राम सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए थे जो वर्ष 2023 तक भी इतने ही हैं जबकि प्रत्येक गांव में जनसंख्या में वृद्वि हुई है; तथ्य

(ख) यदि हां, तो क्या गांव की बढी हुई जनसंख्या के अनुसार राज्य में नए ग्राम सफाई कर्मचारी नियुक्त करने तथा उक्त नियुक्तियां कब तक किए जाने की संभावना है ताकि सफाई का कार्य सुचारू रूप से निष्पादित किया जा सके ?

----

## नगर निगम फरीदाबाद के बैंक खातों का ब्यौरा

*18 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम, फरीदाबाद में राशि की कमी के कारण विकास कार्य नहीं हो रहे हैं;

(ख) उन बैंकों की संख्या क्या है जिनमें नगर निगम, फरीदाबाद के खाते हैं; तथा

(ग) 31 जनवरी, 2023 तक विभिन्न बैकों में नगर निगम, फरीदाबाद के खातों में कुल कितनी राशि जमा हुई तथा उसका खातेवार ब्यौरा क्या है?

----

## पंजीकृत मामलों की संख्या

***19 राव चिरंजीव ( रेवाड़ी):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) गत् 8 वर्षों दौरान राज्य में हत्या, बलात्कार, अपहरण, डकैती, फिरौती, जबरन वसूली, मॉब लिंचिंग तथा दंगों के पंजीकृत मामलों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या राज्य में गत् 8 वर्षों के दौरान कानून व्यवस्था बिगड़ी है; तथा

(ग) यदि हां, तो राज्य में कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में दर्जा बढ़ाना

***20 श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि समालखा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र मे गांव चुलकाना में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है तथा उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आस-पास कई गांव स्थित हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा बढ़ाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि साथ लगते विभिन्न गांव उक्त सामुदायिक केन्द्र का लाभ उठा सकें ?

----

**चंडीगढ़.** | **राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**21 फरवरी, 2023.** | **सचिव**